प्रभात खबर

Bokaro News: 5.50 लाख रुपये की नकली विदेशी शराब व स्पिरिट जब्त

बोकारो, जरीडीह थाना क्षेत्र अंतर्गत रोरिया गांव (टोला तिलायतंड) में उत्पाद विभाग ने बुधवार देर रात गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी कर नकली विदेशी शराब बनाने वाली अवैध फैक्ट्री का उद्भेदन किया. कार्रवाई में विभिन्न ब्रांड की कुल 1800 बोतल नकली विदेशी शराब (करीब 534.600 लीटर) और 900 लीटर स्पिरिट जब्त की गयी. जब्त सामग्री की अनुमानित कीमत साढ़े पांच लाख रुपये से अधिक बतायी जा रही है. छापेमारी के दौरान एक मकान में अवैध फैक्ट्री के संचालन पता चला, जहां विभिन्न प्रसिद्ध ब्रांडों की नकली बोतलें तैयार की जा रही थीं. बरामद सामग्री में 18 जर्किन में भरी लगभग 900 लीटर स्पिरिट, भारी मात्रा में नकली इएएल (एक्साइज एडहेसिव लेबल), विभिन्न ब्रांडों के स्टीकर, ढक्कन, खाली बोतलें और कारमेल मिक्सर शामिल हैं.

Source: https://www.prabhatkhabar.com/state/jharkhand/bokaro/bokaro-news-fake-foreign-liquor-and-spirit-worth-rs-5-50